फर्द अहकाम

कमलेश चौधरी बनाम राजस्थान सरकार

अपील संख्या 256/2025

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
06.03.2025	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी की ओर से अपील अन्तर्गत धारा 75 भू राजस्व अधि० 1956 विरूद्ध नामान्तकरण संख्या 43 दिनांक 08.02.2025 ग्राम बाढ हरिहरपुरा, पटवार हल्का अजयराजपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर द्वारा ग्राम पंचायत अजयराजपुरा पंचायत समिति सांगानेर जिला जयपुर का पेश किया पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजात, नामान्तरकरण पत्र का मनन एवं अवलोकन करने पर प्रार्थी की अपील स्वीकार की जाती है। ग्राम पंचायत अजयराजपुरा पंचायत समिति सांगानेर जिला जयपुर द्वारा नामान्तकरण संख्या 43 दिनांक 08.02.2025 में पारित निर्णय को निरस्त किया जाकर तहसीलदार सांगानेर को आदेशित किया जाता है उक्त प्रकरण में नियमानुसार उपहार पत्र के अनुसार नामान्तरकरण दर्ज किया जावे । पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 06.03.2025 को सुनाया गया। (हिम्मत सिंह) आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी जयपुर–द्वितीय (साँगानेर), जयपुर	